**प्रेसनोट**
**दिनांक 01.07.2026**

## थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा 01 और वांछित हत्याभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद-

### कार्यवाही-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-256/2026 धारा 103(1), 3(5) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 और आरोपी हत्याभियुक्त सुरेश विश्वकर्मा पुत्र साहेबदास निवासी ग्राम पूरेशुक्लन पुरवा गेड़सर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को चंदापुर वर्मा होटल के पास अयोध्या मुख्य मार्ग से गिरफ्तार कर उसकी कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल (UP43BM6201) बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 27.06.2026 को रात्रि लगभग 09:30 बजे थाना वजीरगंज को ग्राम दुर्जनपुर में एक व्यक्ति (आजाद सिंह) को पुरानी रंजीश को चाकू मारकर घायल कर देने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही थाना वजीरगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुचकर घायल को उपचार हेतु सीएचसी वजीरगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना का निरीक्षण किया गया, फील्ड यूनिट एवं डॉग स्क्वॉड द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के भाई द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसओजी / सर्विलांस सहित कुल चार टीमों का गठन किया गया है। दिनांक 29.06.2026 को थाना वजीरगंज व एसओजी/सर्विलास की संयुक्त टीमों द्वारा नामजद हत्याभियुक्त संदीप सिंह उर्फ सत्येन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर उसकी निशादेही पर 01 अदद लोहे का हसिया बरामद किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था।
आज दिनांक 01.07.2026 को थाना वजीरगंज पुलिस टीम द्वारा 01 और आरोपी हत्याभियुक्त सुरेश विश्वकर्मा पुत्र साहेबदास निवासी ग्राम पूरेशुक्लन पुरवा गेड़सर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को चंदापुर वर्मा होटल के पास अयोध्या मुख्य मार्ग से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल (UP43BM6201) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय गोण्डा रवाना किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

01. सुरेश विश्वकर्मा पुत्र साहेबदास निवासी ग्राम पूरेशुक्लन पुरवा गेड़सर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

### सम्बन्धित अभियोग-

01. मु0अ0सं0- 256/2026, धारा 103(1), 3(5) बीएनएस थाना वजीरगंज, जनपद गोण्डा।

### सम्बन्धित अभियोग-

**01.** घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल (UP43BM6201बरामद

### गिरफ्तारकर्ता टीम-

01. थानाध्यक्ष श्री विपुल पाण्डेय थाना वजीरगंज, गोण्डा।
02. उ0नि0 योगेन्द्र सिंह

03. हे0का0 रोबिन सिंह
04. हे0का0 विजय कुमार
05. का0 नागेन्द्र यादव

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 01.07.2026**

**वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के लिए गोण्डा पुलिस की विशेष पहल, घर-घर पहुंचकर 173 वरिष्ठ नागरिको की समस्याएं सुनकर किया गया निस्तारण-**

गोण्डा। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान, सहायता एवं उनके साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान प्रारम्भ किया गया है। वर्तमान सामाजिक परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में निवास करने वाले 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनका विवरण संकलित किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक थाने की कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट बनायी गयी है जो नियमित रूप से वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुरक्षा संबंधी चिंताओं की जानकारी प्राप्त करेगी। अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों का 02 विशेष वरिष्ठ नागरिक रजिस्टर तैयार किया गया है, जिसमें उनका नाम, पता, मोबाइल नंबर, आयु, स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्थिति सहित संपर्क से संबंधित आवश्यक विवरण अंकित किया जाएगा। सीपीयू टीम द्वारा प्रत्येक सप्ताह निर्धारित दिवसों (सोमवार, बुधवार, शानिवार) पर वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क स्थापित कर उनकी कुशलक्षेम जानी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं सी०पी०यू० टीमों को निर्देशित किया है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाते हुए नियमित संवाद स्थापित करें तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी कार्रवाई करें। उक्त अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.07.2026 को जनपदीय सीपीयू टीम द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 173 वरिष्ठ नागरिकों से उनके आवास पर पहुंचकर संपर्क स्थापित किया गया। इनमें थाना कोतवाली नगर के 03, को0 देहात के 06, खरगूपुर के 07, इटियाथोक के 13, धानेपुर के 06, मोतीगंज के 16, मनकापुर के 22, छपिया के 11, खोड़ारे के 05, तरबगंज के 03, थाना उमरीबेगमगंज के 05, वजीरगंज के 17, नवाबगंज के 10, को0 कर्नलगंज के 06, कौड़िया के 12, परसपुर के 06, कटराबाजार के 20 तथा महिला थाना के 05 वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। संपर्क अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का कुशलक्षेम जाना गया, तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु जागरूक किया गया। गोण्डा पुलिस की इस जनहितकारी एवं संवेदनशील पहल की वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सराहना की गई तथा उन्होंने पुलिस के प्रति अपना विश्वास एवं संतोष व्यक्त किया।

मीडिया सेल, गोण्डा।